# ओ.एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल
## मई परीक्षा (2025-26)
## कक्षा : आठवीं
## विषय : हिंदी

SET-A

**समय: 1 घंटा 20 मिनट** **M.M. : 30**

**सामान्य निर्देश :-**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्नों के उत्तर देते समय उत्तर पुस्तिका में प्रश्नों की क्रम संख्या अवश्य लिखें।
3. लिखावट सुंदर लिखें।

| प्रश्न संख्या | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 1 | **नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**<br>उन्नीसवीं शताब्दी में यह राष्ट्रीय जागरण संपूर्ण भारत में किसी-न-किसी रूप में अभिव्यक्त हो रहा था, जिसमें भारतीयता के साथ आधुनिकता का संगम था। स्वामी विवेकानंद ने तो अमेरिका, इंग्लैंड आदि देशों से भारत लौटकर पूर्व और पश्चिम के श्रेष्ठ तत्वों के सम्मिलन से भारत को आधुनिक बनाने का स्वप्न देखा था। उन्होंने माना कि भारत और पश्चिम की मूल गति एवं उद्देश्य भिन्न हैं, परंतु भारत को जागना होगा, कुसंस्कारों एवं जाति-विद्वेष को त्यागना होगा, शिक्षित होकर देश की अशिक्षित, गरीब जनता को ही 'दरिद्रनारायण' मानकर उनकी सेवा करनी होगी, उनका उत्थान करना होगा। विवेकानंद का मत था कि भारत में जो जितना दरिद्र है, वह उतना ही साधु है। यहाँ गरीबी अपराध एवं पाप नहीं है तथा दरिद्रों की अपेक्षा धनियों को अधिक प्रकाश की जरूरत है। वे चाहते थे कि हम नीच, अज्ञानी, दरिद्र-सभी को भाई मानें और गर्व से कहें-हम सब भाई भारतवासी हैं। मनुष्य को मानव बनाना, आदमी को इंसान बनाना आवश्यक है। हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जो हमें संस्कारी मानव, हमदर्द इंसान बना सके। विचारों में विवेकानंद गाँधी से अधिक दूर नहीं थे और ऐसे ही विचारकों का चिंतन उन्नीसवीं सदी में भारत को उद्वेलित कर रहा था।<br>1. विवेकानंद ने क्या सपना देखा था?<br>क) विदेशी तर्ज पर भारत का विकास<br>ख) पूर्व व पश्चिम के तत्वों का मिलन<br>ग) भारत को आधुनिक बनाना<br>घ) (ख) व (ग) दोनों<br>2. विवेकानंद के अनुसार भारतीयों को कैसी शिक्षा की जरूरत है?<br>(क ) आदमी को आदमी बनाने वाली<br>(ख) मानव को संस्कारी और हमदर्द इंसान बनाने वाली<br>(ग) भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने वाली<br>(घ) अंग्रेजी पढ़ाने वाली<br>3.अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प को चुनिए-<br>अभिकथन (A)- विवेकानंद का मत था कि भारत में जो जितना दरिद्र है, वह उतना ही साधु है।<br>कारण (R)-विवेकानंद के विचार गाँधीजी से मेल नहीं खाते थे।<br>(क)अभिकथन (A) गलत है, किंतु(R) कारण सही है।<br>(ख) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।<br>(ग) अभिकथन (A) सही है और कारण (R) गलत है।<br>(घ) अभिकथन (A) तथा कारण (R)दोनों सही हैं ।<br>4.विवेकानंद के अनुसार किसे अधिक प्रकाश की ज़रूरत है? विवेकानंद जी क्या चाहते हैं ? | <br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>1<br><br><br><br><br>1<br><br><br><br><br><br>1<br><br><br><br><br>2 |
| 2 | क) निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- सौभाग्य, हिंसा<br>ख) दिए गए शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखें- किरण<br>ग) दिए गए मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए – कान भरना | 1<br>1<br>1 |

| | | |
|---|---|---|
| | घ) दिए गए शब्दों में 'र' के उचित रूप का प्रयोग करें- पसाद,स्वण<br>ङ) दिए गए वाक्य में विराम चिह्न का उचित प्रयोग करें –<br>छोटी छोटी असफलताओं को जीतकर ही बड़ी सफलता मिलती है<br>च) दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार या अनुनासिक का प्रयोग कीजिए-<br>आनद , सभालकर<br>छ) मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए- रंगीन | 1<br>1<br><br>1<br>1 |
| 3 | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्पका चयन कीजिए-<br>ऐसे थे अरमान कि उड़ते<br>नील गगन की सीमा पाने,<br>लाल किरण सी चोंच खोल<br>चुगते तारक अनार के दाने।<br>1. प्रस्तुत पद्यांश में किसके अरमानों को दर्शाया गया है?<br>(क) पशुओं के (ख) बच्चों के (ग) पक्षियों के (घ) मानव के<br>2. चोंच की तुलना किससे की गई है?<br>(क) चाँद से (ख) तारों से (ग) किरण से (घ) मयंक से<br>3. पक्षी तारों के रूप में किसे चुगना चाहते हैं ?<br>(क) अनार के दाने (ख) अनाज के दाने<br>(ग) कड़वे फल (घ) इनमें से कोई नहीं<br>4. प्रस्तुत पद्यांश किस कविता से लिया गया है ?<br>(क )दोहे (ख) हम पंछी उन्मुक्त गगन के<br>(ग) दोपहरी (घ) कर्मवीर<br>5. प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता कौन है?<br>(क) रामधारी सिंह दिनकर (ख) शकुंत माथुर<br>(ग) शिवमंगल सिंह सुमन (घ) हरिवंश राय बच्चन | 5 |
| 4 | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो से तीन वाक्य में दीजिए-**<br>क) गाँधी जी किसके अपव्यय को रोकते थे और कैसे?<br>ख) ईरान के शाह ने दारा को उतरी ईरान का गवर्नर किन गुणों के कारण बनाया?<br>ग) ईर्ष्या करना उचित है या अनुचित? क्यों?<br>घ) गाँधी जी के आश्रम में कौन सी बैठक होने वाली थी और उसके लिए गाँधी जी ने क्या प्रबंध किए ? | 2×4=8 |
| 5 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए-:<br>यदि मैं पंछी होता , सत्संगति का महत्व | 5 |

# ओ.एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल
## मई परीक्षा (2025-26)
## कक्षा : आठवीं
## विषय : हिंदी

SET-B

**समय: 1 घंटा 20 मिनट** **M.M. : 30**

**सामान्य निर्देश :-**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्नों के उत्तर देते समय उत्तर पुस्तिका में प्रश्नों की क्रम संख्या अवश्य लिखें।
3. लिखावट सुंदर लिखें।

| प्रश्न संख्या | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 1 | नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-<br>साक्षर होना मनुष्य के लिए अत्यधिक आवश्यक है। शासन की ओर से आज सभी के लिए समान रूप से शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। भारत में शिक्षा की समुचित व्यवस्था कभी नहीं रही। हमारा देश भारत सैकड़ों वर्षों तक दासता की जंजीरों में जकड़ा रहा है। इससे हमारी विचारधारा तथा प्रयत्न निष्क्रिय हो गए। ब्रिटिश शासन काल में शिक्षा व्यवस्था की जो दशा हुई, उससे सभी भली-भाँति परिचित हैं। उन लोगों का तो यही विचार था कि भारतीय संस्कृति और साहित्य को जड़ से ही मिटा दिया जाए और इस विचार को उन्होंने कार्य रूप में परिणत करने का भरसक प्रयत्न किया। साहित्य ही समाज का दर्पण होता है। साहित्य तथा संस्कृति पर कुठाराघात होने पर उस जाति या उस देश के निवासियों का कोई अस्तित्व ही नहीं रह जाता। जहाँ साक्षर व्यक्ति होंगे, बुद्धिजीवी होंगे, वहाँ साहित्य सुसमृद्ध होगा और उसका अस्तित्व व्यापक होता जाएगा। उस समय विद्यालय बहुत कम थे और विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने हेतु मीलों पैदल चलना पड़ता था। उच्च शिक्षा प्राप्त करने की न तो सुविधाएँ थीं और न कोई साधन। परिणाम यह हुआ कि निरक्षरता में वृद्धि होने लगी। समुचित शिक्षा के अभाव में स्वतंत्र चिंतन की क्षमता और बुद्धि कौशल का अभाव हो गया। इस कारण राष्ट्र के कल्याण के प्रति उदासीन होना स्वाभाविक ही था। साक्षर मनुष्य ही अपने बच्चों का भविष्य निर्मित कर सकता है। निरक्षर युवक देश के सुयोग्य नागरिक नहीं बन सकते।<br>1. साक्षरता क्यों आवश्यक है?<br>क)राष्ट्र के निर्माण हेतु ख)समाज विकसित नहीं होता है<br>ग)सभ्य समाज का निर्माण होता है घ)भविष्य का निर्माण होता है<br>2. साहित्य ही समाज का दर्पण है. अर्थात-<br>क) साहित्य और साक्षरता का कोई मेल नहीं ख)साहित्य और समाज अलग है।<br>ग) साहित्य में समाज नहीं होता घ)साहित्य समाज का प्रतिबिम्ब है।<br>3.अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प को चुनिए-<br>अभिकथन (A)- विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने हेतु मीलों पैदल चलना पड़ता था।<br>कारण (R)-उस समय विद्यालय बहुत कम थे।<br>(क)अभिकथन (A) गलत है, किंतु(R) कारण सही है।<br>(ख) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।<br>(ग) अभिकथन (A) सही है और कारण (R) गलत है।<br>(घ) अभिकथन (A) तथा कारण (R)दोनों सही हैं ।<br>4.समुचित शिक्षा के अभाव में क्या क्या होता है? | 1<br>1<br>1<br>2 |
| 2 | क) निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- हर्ष, साधारण<br>ख) दिए गए शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखें- अरमान<br>ग) दिए गए मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए – कीड़े निकालना<br>घ) दिए गए शब्दों में उच्च स्थान पर ‘र ’ का प्रयोग करें-आदश ,वत | 1<br>1<br>1<br>1 |

| | | |
|---|---|---|
| | ङ) दिए गए वाक्य में विराम चिह्न का उचित प्रयोग करें –<br>हमें अपने जीवन में छोटे बड़े का आदर करना चाहिए<br>च) दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार या अनुनासिक का प्रयोग कीजिए-<br>बधन , भावनाए<br>छ) मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए- चमकीला | 1<br><br><br>1<br>1 |
| 3 | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्पका चयन कीजिए-<br>स्वर्ण श्रृंखला के बंधन में<br>अपनी गति, उड़ान सब भूले,<br>बस सपनों में देख रहे हैं<br>तरु की फुनगी पर के झूले।<br>1. प्रस्तुत पद्यांश किस कविता से लिया गया है ?<br>(क )दोहे (ख) हम पंछी उन्मुक्त गगन के<br>(ग) दोपहरी (घ) कर्मवीर<br>2. पक्षी पिंजरे में बंद होकर क्या भूल गए हैं ?<br>(क) खाना (ख) गति (ग) उड़ान (घ) क और ख दोनों<br>3. पेड़ की ऊँची टहनी पर झूला झूलने के सपने कौन देख रहे हैं ?<br>(क) मनुष्य (ख) कवि (ग) पक्षी (घ) दानव<br>4. तरु का पर्यायवाची कौन-सा नहीं है?<br>(क ) पादप (ख) वृक्ष (ग) पेड़ (घ) विटप<br>5. प्रस्तुत पंक्तियों के रचयिता कौन है?<br>(क)रामधारी सिंह दिनकर (ख) शकुंत माथुर<br>(ग) शिवमंगल सिंह सुमन (घ) हरिवंश राय बच्चन | 5 |
| 4 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो से तीन वाक्य में दीजिए-<br>क) गाँधी जी बिना सिला हुआ कपड़ा क्यों पहनते थे ?<br>ख) किन गुणों के कारण दारा शाह का प्रिय बन गया ?<br>ग) हमारे मन में ईर्ष्या का भाव उत्पन्न ही ना हो इसके लिए हम क्या करेंगे ?<br>घ) गाँधी जी ने अपने लेख में किसकी आलोचना की और क्यों ? | 2×4=8 |
| 5 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए-<br>यदि मैं पंछी होता , कंप्यूटर का महत्व | 5 |

ओ.एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल

**मई परीक्षा 2025-26**

**SET-A**

कक्षा : आठवीं

विषय : हिंदी

अंक विभाजन एवं उत्तर संकेत

निर्देश- यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा है परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1 | 1. (घ) (ख) व (ग) दोनों<br>2.(ख) मानव को संस्कारी और हमदर्द इंसान बनाने वाली<br>3.(ग) अभिकथन (A) सही है और कारण (R) गलत है।<br>4.विवेकानंद के अनुसार धनियों को अधिक प्रकाश की ज़रूरत है। विवेकानंद जी क्या चाहते हैं कि हम नीच, अज्ञानी, दरिद्र-सभी को भाई मानें और गर्व से कहें-हम सब भाई भारतवासी हैं। | 1<br>1<br>1<br>2 |
| 2 | **क)** दुर्भाग्य, अहिंसा<br>**ख)** किरण -कर,विभा, अंशु, रश्मि<br>**ग)** चुगली करना-दरबारी दारा के खिलाफ शाह के कान भरते थे।(कोई भी उचित वाक्य स्वीकार्य)<br>**घ)** प्रसाद, स्वर्ण<br>**ङ)** छोटी -छोटी असफलताओं को जीतकर ही बड़ी सफलता मिलती है।<br>**च)** आनंद , सँभालकर<br>**छ)** मूल शब्द- रंग प्रत्यय- ईन | 1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 3 | 1. (ग) पक्षियों के<br>2.(ग) किरण से<br>3.(क) अनार के दाने<br>4.(ख) हम पंछी उन्मुक्त गगन के<br>5.(ग) शिवमंगल सिंह सुमन | 5 |
| 4 | क) गाँधी जी कागज के अपव्यय को रोकते थे । गाँधी जी के आश्रम में जो चिट्ठियाँ आती थी ,वे उनके एक तरफ के कोरे कागज ,तार के कागज को काटकर सँभाल कर रखते थे और बाद में उन पर अपने लेख लिख कर कागज के अपव्यय को रोकते थे<br>ख) दारा ईमानदार, समझदार, न्यायप्रिय, निष्पक्ष, बुद्धिमान था । इसके इन्हीं गुणों के कारण ईरान के शाह ने दारा को उतरी ईरान का गवर्नर बनाया।<br>ग) ईर्ष्या करना पूरी तरह से अनुचित है क्योंकि इससे हमारी सोच नकारात्मक बनती है जो हमारे उन्नति मार्ग में बाधक होती है। यह हमारे मौलिक गुणों को भी कुंठित कर देती है। यदि हम किसी से ईर्ष्या रखें तो उसे सकारात्मक रूप में लेकर उसके समान बनने के लिए रचनात्मक कार्यों में अपना मन लगाना चाहिए।<br>घ) गाँधी जी के आश्रम में हिंदुस्तानी प्रचार सभा की बैठक होने वाली थी और उसके लिए गाँधी जी ने एक कुर्सी, तिपाई और मिट्टी के सकोरे का प्रबंध किया। | 2×4=8 |
| 5 | अनुच्छेद लेखन | |

| | | |
|---|---|---|
| | • भूमिका<br>• विषय वस्तु<br>• भाषायी शुद्धता | **1**<br>**3**<br>**1** |

ओ.एस.डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कैथल

**मई परीक्षा 2025-26**

**SET-B**

कक्षा : आठवीं

विषय : हिंदी

अंक विभाजन एवं उत्तर संकेत

निर्देश- यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा है परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।

| प्रश्न संख्या | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1 | 1.घ)भविष्य का निर्माण होता है<br>2. घ)साहित्य समाज का प्रतिबिम्ब है।<br>3.घ )अभिकथन (A) तथा कारण (R)दोनों सही हैं ।<br>4.समुचित शिक्षा के अभाव में स्वतंत्र चिंतन की क्षमता और बुद्धि कौशल का अभाव हो गया। | 1<br>1<br>1<br>2 |
| 2 | **क)** विषाद, असाधारण<br>**ख)** अरमान -इच्छा,चाह, कामना, अभिलाषा, आकांक्षा<br>**ग)** कमियाँ निकालना-दरबारी दारा में कीड़े निकालते रहते थे।<br>**घ)** आदर्श , व्रत<br>**ङ)** हमें अपने जीवन में छोटे-बड़े का आदर करना चाहिए।<br>**च)** बंधन , भावनाएँ<br>**छ)** मूल शब्द -चमक प्रत्यय-ईला | 1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 3 | 1.(ख) हम पंछी उन्मुक्त गगन के<br>2. (ख) पिंजरे में बंद होकर पक्षी अपनी गति और उड़ान भूल चुके हैं।<br>3. (ग) पक्षी<br>4.(क) पादप<br>5. (ग) शिवमंगल सिंह सुमन | 5 |
| 4 | क) गाँधी जी सभी को स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने के लिए कहते थे परंतु उस समय सुई,सिलाई मशीन और कैंची भारत में नहीं बनती थी ।यह सारा सामान विदेश से आता था। गाँधी जी को विदेशी सामान से बने हुए कपड़े पहनना पसंद नहीं थे इसलिए वह बिना सिला हुआ कपड़ा पहनते थे।<br>ख) दारा ईमानदार, समझदार ,बुद्धिमान ,न्यायप्रिय , निष्पक्ष था। इन्हीं गुणों के कारण दारा शाह का प्रिय बन गया।<br>ग) हमारे मन में ईर्ष्या का भाव उत्पन्न ही ना हो इसके लिए हम मानसिक रूप से दृढ़ होंगे। सकारात्मक सोच बनाए रखेंगे। रचनात्मक कार्यों में अपना मन लगाएँगे। संतोष व धैर्य बनाए रखेंगे।<br>घ) गाँधी जी ने अपने लेख में कस्तूरबा गाँधी और छगनलाल जोशी की आलोचना की क्योंकि कस्तूरबा गाँधी जी ने उपहार में मिले चार रुपए आश्रम के दफ्तर में जमा नहीं करवाए और छगनलाल जोशी ने कोठार के हिसाब के काम में हुई गड़बड़ी की बात को छुपा कर रखा था। | 2×4=8 |
| 5 | अनुच्छेद लेखन<br>• भूमिका | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | • विषयवस्तु<br>• भाषायी शुद्धता | 3<br>1 |